प्रतिदिन अखबार प्रभात
सकारात्मक सोच का 3रा दशक

दो मार्केट से मिलेंगे सिर्फ 1.75 करोड़

मनपा का फिर भी अड़ियल रवैया

कार्रवाई का आमदनी पर असर नहीं

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- महापालिका क्षेत्र के व्यापारी संकुल प्रियदर्शनी तथा खत्री मार्केट पर हुई कार्रवाई के बाद मनपा की आमदनी केवल और केवल 1.75 करोड़ रु. से ही बढ़ेगी. निगमायुक्त हेमंत पवार ने आनन-फानन में की कार्रवाई का मनपा की तिजोरी पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है. बावजूद इसके महापालिका प्रशासन का यह अड़ियल रवैया अब समझ से परे है.

महापालिका प्रशासन ने स्थाई समिति के माध्यम से जयस्तंभ चौक स्थित प्रियदर्शनी मार्केट व तहसील मार्ग पर स्थित खत्री मार्केट पर 17 व 18 मई को कार्रवाई कर यहां की 54 तथा 137 दुकानों को सील लगाया गया. सील लगाने के बाद मनपा ने अड़ियल रवैया अपनाकर सील *शेष पृष्ठ 15 पर*

संभवतः राज्य का षड़यंत्र

बताया जाता है कि महापालिका इन दिनों जो कार्रवाई कर रही है. उसके पीछे की वजह कुछ और ही है. बंद द्वार हो रही चर्चाओं में एक बात कानों पर पड़ने लगी है. राज्य सरकार 1 जुलाई से जीएसटी कानून लागू कर रहा है. जिसके तहत राज्य का राजस्व जितना उतना ही उसे जीएसटी वसूली का हिस्सा दिया जाएगा. राज्य सरकार मनपा क्षेत्र से एलबीटी रद्द करने के बाद एलबीटी का बोझ खुद ही अनुदान देकर उठा रही है. केंद्र सरकार ने मनपा को एलबीटी के रूप में दी जाने वाली अनुदान राशि को देने से इंकार किया है. उन्होंने इसे अतिरिक्त खर्च का नाम देकर देना अस्वीकार करने से राज्य सरकार एलबीटी अनुदान का बोझ कैसे उठाए इसके लिए मनपाओं को अपनी आमदनी बढ़ाने की चेतावनी दी है. राज्य की जिन महापालिकाओं पर भाजपा की सत्ता है, वहां के पदाधिकारी, पार्षदों को मनपा की आमदनी एलबीटी अनुदान योग्य बढ़ाने की चेतावनी दी गई है. अमरावती में यह जिम्मा स्थाई समिति सभापति तुषार भारतीय पर सौंपा गया है, ऐसी चर्चाएं हैं. जिसके कारण मनपा ने आमदनी के साधनों की छानबीन शुरू करने की चर्चाएं हैं. यही नहीं मनपा को संपत्ति कर के बाद बाजार लाइसेंस विभाग में आमदनी बढ़ाने की अपेक्षा दिखाई दे रही है. यही कारण है कि जीएसटी के माध्यम से मिली इस चेतावनी ने व्यापारियों के व्यवसाय को चौपट कर दिया है. उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर किया जा रहा है.

आमदनी बढ़ाने का हवाला

निगमायुक्त हेमंत पवार ने मार्केट पर की कार्रवाई के पीछे का कारण केवल आमदनी बढ़ाने का मामला कहा है. इसी वजह से उन्होंने मार्केट पर कार्रवाई की बात कही है. लेकिन मार्केट रेट में बढ़ोत्तरी से भले ही मनपा को ज्यादा लाभ नहीं होने की बात कहते हुए उन्होंने केवल यही स्पष्ट किया है कि अगर मनपा ने आज मार्केट रेट नहीं बढ़ाए तो भविष्य में रेट बढ़ाने में दिक्कतें आएंगी और जो आज चल रहा है. वही आगे भी चलता रहेगा.

मार्केट	दुकान संख्या	रिक्त दुकान संख्या	किराया (प्रतिमाह प्रति चौ. फुट)	टिप्पणी
1) श्याम चौक संकुल (सूरज बिल्डर्स)	39	निरंक	1 रु. प्रति चौ. फुट	बीओटी
2) दादासाहब खापर्डे संकुल	60	-	1 रु. प्रति चौ. फुट	बीओटी
3) जवाहर गेट संकुल	179	106	1 रु. प्रति चौ. फुट	बीओटी (न्यायप्रविष्ट)
4) जे एंड डी मॉल, श्याम चौक	118	-	----	बीओटी
5) प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी संकुल	72	48	1 रु. प्रति चौ. फुट	बीओटी
6) चपरासीपुरा संकुल, शुक्रवार बाजार	39	02	4 रु. प्रति चौ. फुट	आईडीएसएमटी
7) महात्मा फुले संकुल	49	05	4 रु. प्रति चौ. फुट	आईडीएसएमटी
8) राजापेठ संकुल	80	निरंक	3, 4, 5 व 6 रु. प्रति चौ. फुट	आईडीएसएमटी
9) देशगौरव सुभाषचंद्र बोस संकुल	23	निरंक	9.20 रु. प्रति चौ. फुट	-
10) दस्तूर नगर संकुल	05	निरंक	5 रु. प्रति चौ. फुट	-
11) प्रशासकीय इमारत संकुल	6	निरंक	6 रु. प्रति चौ. फुट	-
12) संत गाडगेबाबा संकुल	34	निरंक	8 रु. प्रति चौ. फुट	-
13) आरटीओ कार्यालय संकुल	12	निरंक	4 रु. प्रति चौ. फुट	-
14) विलास नगर संकुल	57	04	प्र. माह 300, 250, 200 रु.	-
15) वडाली संकुल	22	08	प्र. माह 315 रु.	-
16) भाजीबाजार संकुल	20	निरंक	प्र. माह 325, 246 रु.	-
17) आदर्श नेहरू नगर संकुल	05	निरंक	प्र. माह 300 रु.	-
18) महात्मा गांधी संकुल बडनेरा	51	निरंक	प्र. माह 572, 360 रु.	-
19) जयहिंद मैदान संकुल	25	निरंक	प्र. माह 600 रु.	-
20) सावता मैदान संकुल बडनेरा	10	निरंक	प्र. माह 300 रु.	-
21) राहुल नगर संकुल बडनेरा	06	निरंक	प्र. माह 100 रु.	-
22) वसंतराव नाईक संकुल बडनेरा	10	निरंक	प्र. माह 80 रु.	-
23) महात्मा फुले संकुल बडनेरा	10	निरंक	प्र. माह 80 रु.	-
24) मौलाना आजाद संकुल बडनेरा	57	निरंक	प्र. माह 360 रु.	आईडीएसएमटी
25) बीफ मार्केट छाया नगर बडनेरा	38	निरंक	प्र. माह 400 रु.	-
26) मटन मार्केट/मछली मार्केट इतवारा	39	निरंक	प्र. माह 200 रु.	ठेका पद्धति से
27) कोंडेश्वर संकुल	10	निरंक	प्र. माह 3160 रु.	-
कुल	1076			

चाकू की नोक पर लूटने वाला गिरफ्तार

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- नूतन वर्ष 2017 के पहले ही दिन रविवार की छुट्टी मनाने जा रहे 4 नाबालिग छात्रों और दो महामार्ग के ट्रक चालकों को चाकू की नोक पर लूटा गया था. इस मामले में पांच माह से फरार आरोपी इमरान खान उर्फ राजा को अपराध शाखा ने गुरुवार को गिरफ्तार किया. फ्रेजरपुरा थाना अंतर्गत हुई इस वारदात में पहले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. राजा बीते कई दिनों से शहर में पता बदल-बदल कर रह रहा था. एपीआई गवंड, पीएसआई राम गिते, राजेंद्र चाटे की टीम ने उसे गिरफ्तार कर फ्रेजरपुरा पुलिस के हवाले किया.

ट्रक ने महिला को कुचला

आकोली मार्ग पर दुर्घटना

अमरावती : दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर उमड़ी क्षेत्रवासियों की भीड़ और सड़क पर ट्रक से कुचली गई शालिनी वाटाणे.

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती - खोलापुरी गेट पुलिस थाना अंतर्गत आकोली मार्ग पर पीएम आवास योजना निर्माण कार्य के ट्रक ने महिला को कुचल दिया. महिला की मृत्यु पश्चात घटनास्थल से भाग रहे आरोपी ट्रक चालक को लोगों ने पीट-पीट कर पुलिस के हवाले किया. जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई.

मृतक का नाम शालिनी अरविंद वाटाणे (40, तलवेल) है. गुरुवार की सुबह 10 बजे शालिनी आकोली से म्हाड़ा कॉलोनी की ओर जा रही थी. वह पिछले एक माह से अपने मायके आकोली में रह रही थी. आकोली परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना का काम चल रहा है. गिट्टी खाली कर लौट रहे ट्रक एमएच-04/डीएस-6291 ने शालिनी को जोरदार टक्कर मारी. शालिनी नीचे गिर गई और ट्रक का पहिया उसके गले से गुजरा. शालिनी का भेजा और आंखें बाहर निकल आईं. शालिनी की मौत के बाद ट्रक चालक दीपक भीमराव देवकर (40, वडरपुरा) ट्रक लेकर भाग रहा था, तभी वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने पीछा कर ट्रक को रोका. चालक को ट्रक से उतारकर उसकी धुनाई शुरू कर दी. दुर्घटना की सूचना मिलते ही वसंत गौरखेड़े, योगेश वानखड़े, पंकज वानखेड़े, रवि वानखेड़े, सूरज चेचरे, भोजराज फरकाड़े आदि घटनास्थल की ओर दौड़े. उन्होंने संतप्त भीड़ से किसी तरह ट्रक चालक को बचाया और पुलिस से संपर्क किया. खोलापुरी गेट के थानेदार अपने दल के साथ पहुंचे और चालक को गिरफ्तार किया. साथ ही घटनास्थल का पंचनामा कर लाश पोस्टमार्टम के लिए इर्विन अस्पताल भेजी.

भीड़ ने ट्रक चालक को पीटा

दर्यापुर में 35 हजार की बोगस खाद जब्त

संवाददाता, 25 मई

दर्यापुर - विगत एक माह से किसानों को बरलगाकर बोगस खाद बेची जा रही है. कृषि विभाग ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए 35 हजार की बोगस खाद (संमिश्र) जब्त किया. आरोपी भागने में कामयाब हुआ. खाद बिक्री की परमिट या खाद की कोई गुणवत्ता न रहने के बाद भी झूठे दावे कर किसानों को 'उल्लू बनाविंग' अभियान चला था.

शहर व तहसील में बीते एक माह से कुछ कंपनी के विक्रेता बोगस खाद बेच रहे थे. पेठ इतबारपुर, पनोरा, टाकली, आमला, ठिलोरी सहित अनेक गांव में किसानों की अज्ञानता का लाभ लेकर 1 हजार रुपए प्रति खाद की बोरी बेची जा रही थी. करीब 4 से 5 लाख रुपए की बोगस खाद बेची जा चुकी थी. इसकी जानकारी एक किसान द्वारा कृषि विभाग को दिए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई. जब्त बोगस खाद की बोरी पुलिस थाने में लाकर जमा की गई. जिला कृषि अधिकारी वरुण देशमुख, गुण नियंत्रक पुरुषोत्तम कडू, तहसील कृषि अधिकारी घनश्याम कलसकर, पंस कृषि अधिकारी उध्दव बाहेकर, कृषि पर्यवेक्षक पी.वी. मुले की टीम ने यह कार्रवाई की. बोगस खाद जब्त किए जाने से हड़कम्प मचा हुआ है. इस मामले की जांच की गई तो किसानों को लूटने वाली टोली का पर्दाफाश हो सकता है. किसी भी अंजान व्यक्ति से खाद खरीदने के बजाय अधिकृत कृषि केंद्र से खाद व बीज खरीदने का अनुरोध कृषि अधिकारी ने किया. आमतौर पर खरीफ मौसम आते ही किसानों को लूटने के लिए अलग-अलग कंपनियों के एजंट सक्रिय हो जाते है. भोले-भाले किसानों को लूटने लग जाते है.

दर्यापुर : बोगस खाद और वाहन के साथ थाने पहुंचे कृषि विभाग के उड़न दस्ते के विशेष अधिकारी.

कृषि विभाग की कार्रवाई
किसानों को 'उल्लू बनाविंग'

शातिर तलवार सिंह से 50 हजार का सोना जब्त

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- अमरावती सहित समूचे राज्य में चोरी के लिए कुख्यात तलवार सिंह से अपराध शाखा की टीम ने फ्रेजरपुरा थाना क्षेत्र में हुई चोरी में 21 ग्राम सोने के जेवर, 8 ग्राम चांदी के जेवर सहित कुल 50 हजार का माल जब्त किया है. गुरुवार को तलवार सिंह का पीसीआर खत्म होने के बाद उसे दोबारा अदालत में पेश किया गया. अदालत ने 27 मई तक आरोपी तलवार सिंह को पुलिस हिरासत में रखने के निर्देश दिए हैं.

शहर में ही रहना चाहते हैं पुलिस कर्मी

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- हर वर्ष की तरह 31 मई के पूर्व शहर पुलिस आयुक्तालय के सिपाही से लेकर एएसआई दर्जे तक के अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं. थाने में 5 वर्ष और साईड ब्रांच में तीन वर्ष पूर्ण करने वालो कर्मियों को तबादले के लिए पात्र माना जाता है. इसके अलावा अनुरोध आवेदन से भी तबादला किया जाता है. शहर से दूर रहने वाले थाने और यातायात विभाग में कोई जाने को तैयार नहीं है. 98 फीसदी कर्मियों ने शहर के थाने और बीडीडीएस में तबादला मांगा है. पुलिस आयुक्त और डीसीपी चव्हाण सभी कर्मियों की पेशी लेकर उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं. बाहरी थानों और यातायात विभाग में कर्मियों की किल्लत रहने के बावजूद वहां जाने कोई तैयार नहीं. अब तक 84 कर्मियों के तबादले हो चुके हैं. जिसमें 12 एएसआई, 28 हवलदार, 24 पुलिस नायक, 20 पुलिस सिपाहियों का समावेश है. अगली सूची 29 मई को जारी की जाएगी. कार्यकाल पूर्ण न होने के बावजूद *शेष पृष्ठ 15 पर*

दत्तात्रय मंडलिक

दूर जाने से कतरा रहे हैं
पुलिस आयुक्तालय में तबादला फीवर

नसीम बानो अंजनगांव नप की पार्षद पद पर कायम

संवाददाता, 25 मई

अंजनगांव सुर्जी- स्थानीय नगर पालिका के प्रभाग क्रमांक 5 की एमआईएम की नवनिर्वाचित पार्षद नसीम बानो का जाति प्रमाणपत्र जांच समिति द्वारा वैध ठहराए जाने से वे अपने पद पर कायम रहेंगी. नप की पूर्व अध्यक्ष हनीफाबी के पुत्र राजीक अन्सारी व अचलपुर निवासी बाकीर अन्सारी द्वारा पार्षद नसीम बानो के खिलाफ जांच समिति में शिकायत की गई थी. शिकायत में दावा किया था कि नसीमबानो का जाति प्रमाणपत्र अवैध व झूठा है. समिति द्वारा इस मामले की सुनवाई शुरू की गई थी.

राजीक अन्सारी ने शिकायत में आरोप लगाया था कि पार्षद नसीम बानो पिंजारी जाति की नहीं हैं तथा उनका प्रमाणपत्र झूठा है. दूसरे शिकायतकर्ता बाकीर अन्सारी ने जिलाधीश को निवेदन देकर नसीम बानो का जाति प्रमाणपत्र झूठा करार देकर उन्हें अपात्र घोषित करने की मांग की थी.

मामले की गंभीरता देखते हुए जिलाधीश ने जांच समिति को मामले की सुनवाई तत्काल कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे. उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र नगर परिषद व नगर पंचायत अधिनियम के अनुसार किसी भी पार्षद को चुनाव जीतने के पश्चात 6 माह के भीतर जाति वैधता प्रमाणपत्र पेश करना होता है. अगर जीतने वाला प्रत्याशी 6 माह के भीतर यह प्रमाणपत्र नहीं दे पाया तो उसे अपना पद छोड़ना पड़ता है. अंजनगांव नप चुनाव पश्चात जाति वैधता प्रमाणपत्र पेश करने की अंतिम तारीख 27 मई है. नियमानुसार अगर नसीम बानो अंतिम तिथि तक जाति प्रमाणपत्र पेश न कर पाती तो उन्हें अपात्र घोषित किया जाता.

पार्षद नसीम बानो की पैरवी कर रहे एड. आबिद हुसैन ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला देकर जांच समिति को अंतिम तिथि के पहले मामले का निपटारा करने का निवेदन दिया *शेष पृष्ठ 15 पर*

जांच समिति ने जाति प्रमाणपत्र को वैध ठहराया
एमआईएम ने मनाया जल्लोष

विवाह के लिए महिला से जबर्दस्ती

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- फ्रेजरपुरा पुलिस थाना अंतर्गत एकतरफा आशिकी के चक्कर में विवाह के लिए जबर्दस्ती करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है. प्रशांत नगर परिसर में किराए से रहने वाली एक युवती के घर में आरोपी सूरज शिवकुमार तिवारी (24, चिचफैल) ने जबरन प्रवेश कर उसके समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा. पीड़ित द्वारा इंकार करने पर उसके घर की सामग्री तोड़ने लगा. इतना ही नहीं, उसे जबरन गले से लगाकर पीटने लगा. गाली देकर जान से मारने की धमकियां देने लगा. पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 354, 354 (अ), 452, 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है. एएसआई गजानन कोठेकर मामले की जांच कर रहे हैं.

मां व भाई को किया घायल

अमरावती- गाड़गे नगर पुलिस थाना अंतर्गत विश्व प्रभा कॉलोनी शेगांव से रहाटगांव *शेष पृष्ठ 15 पर*

88 हजार क्विंटल तुअर खरीदने की चुनौती

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती - राज्य सरकार द्वारा 31 मई तक फसल मंडी में आने वाली तुअर खरीदने का निर्णय लिया गया है. नाफेड़ के समक्ष 88 हजार क्विंटल तुअर खरीदने की चुनौती है. बीते 17 दिनों में मात्र 12 हजार 912.78 क्विंटल तुअर खरीदी गई. 485 किसानों की यह तुअर है. वीसीएमएफ की तुलना में नाफेड़ की तुअर खरीदी काफी धीमी है. अगर यही गति रही तो तुअर खरीदी प्रक्रिया जुलाई माह तक खींची जा सकती है. जो किसानों के लिए चिंता का विषय है. 7 जून से मानसून सक्रिय हो जाता है. ऐसे में अगर बारिश शुरू हो गई तो तुअर खरीदी फिर एक बार खटाई में पड़ सकती है.

स्थानीय मंडी में विगत 17 दिनों में करीब 70 हजार क्विंटल तुअर की आवक हुई है. आगामी 31 मई तक 30 हजार क्विंटल आवक होने की संभावना है. रोजाना औसतन 3 से 4 हजार क्विंटल तुअर की आवक हो रही है. नाफेड़ ने 17 *शेष पृष्ठ 15 पर*

17 दिनों में मात्र 12 हजार क्विंटल खरीदी

नाफेड़ दिन में ढाई कोस

मेलघाट में छिपा है सट्टा किंग

संवाददाता, 25 मई

अचलपुर- आईपीएल क्रिकेट सट्टा मामले का मुख्य बुकी कुख्यात संजय उदापुरकर विगत 12 दिनों से फरार है. एसपी अभिनाष कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल इस बुकी को पकड़ने में असफल है. उसके ठिकाने के बारे में सामान्य जनता में काफी चर्चाओं का बाजार गर्म है.

बता दें कि, शहर में चर्चा है कि स्थानीय विधायक के आशीर्वाद से उदापुरक मेलघाट में छिपा है. आश्रयदाता राजनीतिक नेता को फिलहाल फंड की आवश्यकता होने से उदापुरकर की मदद की जा रही है, ऐसी जानकारी मिली है. इस मामले में प्रारंभ में कई दिनों तक पुलिस अधीक्षक ने चुप्पी साधे रखी थी, आखिरकार उन्होंने चुप्पी तोड़ते हुए उदापुरकर को गिरफ्तार करने रटा हुआ जवाब देना शुरू किया. मगर उन्हें सफलता नहीं मिली.

संजय उदापुरकर जिले का कुख्यात सट्टा किंग है. वरली मटके का जाल, क्रिकेट सट्टे के माध्यम से कमाई का ध्येय संजय ने पुलिस की मदद से पूरा किया. जिले की हर तहसील में उसके एजेंट हैं. वो मटके के साथ क्रिकेट बुकी भी है. छोटा बाजार परिसर से वह पूरा नेटवर्क चलाता *शेष पृष्ठ 15 पर*

संजय उदापुरकर

संजय उदापुरकर पर स्थानीय नेता का हाथ

वंशिका काबरा को पीएमओ का थैंक्स

संवाददाता, 25 मई

परतवाड़ा- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं और बच्चों में लोकप्रिय क्यों हैं? इसका कारण वे सभी की दखल लेते हैं. हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के अभियान में पीएम मोदी बच्चों में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं. यही बच्चे कल के युवा मतदाता हैं. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी लोकप्रियता के जो बीज बोए हैं उसके फल आगामी पीढ़ियों तक भारतीय जनता पार्टी को मिलते रहेंगे. इसका एक आदर्श उदाहरण जुड़वा नगरी के सुविख्यात चिकित्सक डॉ. किशोर काबरा व डॉ. प्रीति काबरा परिवार को देखने को मिला. कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली उनकी 12 वर्षीय बेटी वंशिका ने 'ड्रीम्स ऑफ नरेंद्र मोदी' कविता को अपनी कल्पनाओं के आधार पर साकार किया. कविता लिखकर वह खामोश नहीं रही, बल्कि उसने सीधे प्रधानमंत्री मोदी को प्रेषित की. प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी वंशिका को मायूस नहीं किया और उसकी कविता प्राप्त होने के बाद उसे हाल ही में भारत सरकार की मोहर और पीएमओ कार्यालय का अधिकृत धन्यवाद पत्र भेजा. वंशिका अपने चहेते प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त धन्यवाद पत्र को देख फूली नहीं समा रही है.

स्थानीय अवंत ग्रेड पब्लिक स्कूल में रोज-1 सेक्शन कक्षा 8वीं में पढ़ने वाली वंशिका किशोर काबरा ने अपने रोल नंबर सहित मासूमियत के साथ 'ड्रीम्स ऑफ नरेंद्र मोदी' कविता (पोएम) अंग्रेजी में प्रेषित की थी. 12 पंक्तियों की इस कविता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्कॉलर बताकर प्रधानमंत्री बनने के लिए वे किस तरह अलसुबह से ही काम पर जुट जाते हैं और हमेशा नकारात्मकता *शेष पृष्ठ 15 पर*

'ड्रीम्स ऑफ नरेंद्र मोदी' कविता को सराहा

वंशिका काबरा

No. 3646353/DS(P)/Desp/2017

Chandresh Sona
Deputy Secretary

16 March, 2017

Dear Ms. Vanshika Ji,

I am desired to acknowledge with thanks, the receipt of your letter dated June 24, 2016 addressed to the Prime Minister alongwith a poem titled 'Dreams of Narendra Modi' written by you.

With regards.

Yours sincerely.

(Chandresh Sona)

Ms.Vanshika Kishor Kabra
C/o Kabra Hospital
T.V. Tower Chowk, Pensionpura
Paratwada
Distt.- Amrawati
Maharashtra-444805



DREAMS OF NARENDRA MODI

Narendra Modi was a teastaller, now he became a scholar.

He wants to become a P.M., he started working from am.

He wants to stop negativity, he lighted the candle of positivity.

He wants to Fulfil all his dreams, Obstacles was standing in his streams.

He wants to save environment, he started working like a good talent.

He used to give good lectures, which can change India's structure.

Name : Vanshika K. Kabra
Std: 8th, Roll no: 36
Age: 12 years, Sec: Rose-I
School: Avant Grade Public School

आय.एम.ए. हॉल, कॅम्प, अमरावती.
नक्षीदार फर्निचर की
प्रदर्शनी एवं बिक्री
सहारनपूर के प्रसिद्ध शिशम लकडी से बने फर्निचर
विशेष २०% डिस्काऊंट
• Maharaja Sofa • Double Bed
• Relax Chair • Diwan Box
• Dining Set • Dressing Table • Partition etc.